# कार्यालय कमिश्नर जबलपुर संभाग जबलपुर
## सिविल लाईन जबलपुर

951

क्रमांक/ 951 /विकास/2019 जबलपुर दिनांक 7 /08/2019

## विज्ञप्ति

नेताजी सुभाष् चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में अधिष्ठाता के 01 पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है, आवदेक म.प्र. शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के 1987 के भर्ती नियम तहत नियुक्त किया गया हो। आवेदन हेतु केवल म.प्र. शासन में स्थित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत चिकित्सा शिक्षक ही पात्र है।

अधिष्ठाता पद हेतु शैक्षणिक एवं अन्य योग्यतायें एम.सी.आई.,शासन एवं संस्था के मापदण्डानुसार रहेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 26/8/2019 सायकाल 05:00 बजे तक है, उसके पश्चात आवेदनों पर विचार नही किया जावेंगा। पूर्ण रूप से भरे हुये आवेदन आयुक्त जबलपुर संभाग, जबलपुर को संबोधित करते हुये स्थान :- **आयुक्त, जबलपुर संभाग,संभागायुक्त कार्यालय सिविल लाईन जबलपुर (म.प्र.) पिन कोड 482001** में व्यक्तिगत रूप से जमा अथवा डाक द्वारा भेजे जा सकतें।

आवेदन प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी महाविद्यालय वेबसाइड **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध है।

**आयुक्त एवं अध्यक्ष**
**कार्यकारिणी समिति**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस**
**स्वशासी मेडिकल कॉलेज जबलपुर**

# अधिष्ठाता पद की नियुक्ति संबंधी विवरण

1. आवश्यक योग्यतायें :

   (क) मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता पद हेतु भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातकोत्तर डिग्री एवं 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव (जिसमें प्राध्यापक के पद पर 05 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है)

   (ख) म.प्र. के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 05 वर्ष या अधिक का विभागाध्यक्ष का कार्यानुभव।

2. अन्य योग्यतायें :

   (क) प्रेसीडेंट/आयोजन सचिव (**Organizing Secretary**) के रूप में राष्ट्रीय अथवा अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेस/सेमीनार का आयोजन।

   (ख) कॉलेज में लीगल सेक्सन एवं स्थापना प्रभारी के कार्य का अनुभव।

   (ग) चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में पुरस्कृत किया गया हो।

3. अभ्यार्थियों को म.प्र. शासन द्वारा नर्सिंग होम/ अस्पताल में प्रायवेट प्रेक्टिस के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का पालन करना होगा। अभ्यार्थियों द्वारा किसी प्रायवेट अस्पताल/ नर्सिगहोम में अधिष्ठाता की पूर्वानुमति के बिना बिजिट नही किया गया हो, इस संबंध में स्वघोषण- पत्र देना होगा।
4. चयनित अभ्यार्थी को 05 अथवा सेवानिवृति जो भी पहले हो तक मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता पद पर से नेताजी सुभाष चंद्र चिकित्सा महाविद्यलाय अस्पताल जबलपुर में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ किया गया जायेगा।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता का पद ग्रहण करने के पश्चात निजी प्रेक्टिस की पात्रता नही होगी।
6. वेतनमान - मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता - 37400-67000 + ग्रेड पे 10000 + शासन द्वारा समय - समय पर स्वीकृत भत्ते।
7. पदों पर आरक्षण राज्य शासन के द्वारा समय- समय पर जारी आदेशों के अनुसार होगा।
   जाति संबंधी आरक्षण का लाभ सक्षम अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।
8. अभ्यार्थी का म.प्र. मेडिकल काउंसिल/ मेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया का जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
9. निरर्हताये -

- विकृत चित्त वाला होने पर।
- दुश्चरित्र होने पर।
- शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नही कर सकता हो।
- नियुक्ति के लिये प्रायास/अनुशंसा - किसी भी उम्मीदवार की ओर अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये किया गया कोई भी प्रयास/ अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।
- विवाह संबंधी - जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम निर्धारित आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु आयेग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला /पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/ महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नी/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिये पात्र नही होंगे।
- कूट रचित/फर्जी दस्तावे एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर।
- कदाचरण संबंधी - किसी भी ऐसे उम्मीदवार को सेवा या पद पर नियुक्ति नही किया जावेंगा यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिये परिणामस्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध् पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।
- ऐसे उम्मीदवार जिसके विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज है अथवा उसके विरूद्ध दर्ज किसी अपराधिक मामले में वह दोष सिद्ध हुआ हो।

- ऐसे उम्मीदवार जिनके विरूद्ध विभागीय जांच, लोकायुक्त जांच, ई.ओ.डब्ल्यू. जांच लंबित हो।

10. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- कार्यालय आयुक्त, जबलपुर संभाग, संभागायुक्त कार्यालय, सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) पिन कोड 482001 में आवेदन पत्र दिनांक 26/8/2019 सायकाल 05:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिये। आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में जता कराये जा सकते है। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जावेंगा।

11. पात्र अभ्यार्थियों की सूची महाविद्यालय की वेबसाइट **www.nscbmc.ac.in** पर उपलब्ध की जायेगी।
12. चयन प्रकिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
13. साक्षात्कार के समय अभ्यार्थी अपना पासपोट साइज के दो रंगीन फोटो एवं समस्त मूल दस्तावेज एवं उनकी 02 स्वप्रमाणित छायाप्रति साथ लेकर अनिवार्य रूप से आवें।

**महत्वपूर्ण टीप:-** यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी, कि वे अपने आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताये और शर्तो को पूरा करते है। अतः आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरे।चयन के कियी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पवाये जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी। आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जांच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आश्य से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेंगी।

**आयुक्त एवं अध्यक्ष**
**कार्यकारिणी समिति**
**नेताजी सुभाष चंद्र बोस**
**स्वशासी मेडिकल कॉलेज जबलपुर**

# अधिष्ठाता पद हेतु आवदेन का प्रारूप

(आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि ....................................)

| स्व प्रमाणित |
|---|

नोटः- सभी जानकारी आवेदन द्वारा पूर्ण की जावें :-

1. आवेदन का नाम :- ......................................................................................
2. पुरूष/ महिलाः- ......................................................................................
3. पिता/पति का नाम (उप नाम सहित):- .................................................
4. वर्तमान निवास स्थान का पता (पिन कोड सहित):- ..................................................

   ..........................................................................................................................

   शहर का नामः- ................................................ फोन नं. .....................................

   मोबाइ नंबरः- .................................................. ईमेल आईडी ...............................
5. स्थायी पताः- ..........................................................................................................

   ..........................................................................................................................

   शहर का नामः- ................................................ फोन नं. .....................................
6. आधार कार्ड नंबरः- ..........................................................................................
7. जन्म तिथि (हाई स्कूल परीक्षा की अंक सूची संलग्न करें) .........................................
8. वर्गः- अनारक्षित, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग/विंकलागः- ..............

   (आरक्षित श्रेणी हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।)
9. मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन क्रमांक एवं नाम तथा दिनांक ........................................

   अ. (एम.बी.बी.एस.) :-

   ब. एमडी/एमएस :-

   स. एमसीएच/डीएम :-
10. शैक्षणिक अनुभव :-

| क्रमांक | पदनाम | शैक्षणिक अनुभव |
|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | |
| 2 | सह-प्राध्यापक | |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | |
| 4 | ट्यूटर/प्रदर्शक | |

11. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

1. एमबीबीएस एवं एमडी/एमएस/एमसीएच/डीएम की डिग्री एवं मेडिकल काउन्सिल का पंजीयन प्रमाणपत्र।
2. आधार कार्ड।
3. विभागाध्यक्ष के पद का कार्य अनुभव प्रमाणपत्र।
4. अधिष्ठाता की पूर्व अनुमति के बिना किसी प्रायवेट अस्पताल मेंप्रेक्टिस/विजिटिंग न करने संबंधी स्व घोषणा पत्र।
5. प्रेसीडेंट/आयोजन सचिव (Organizing Secretary) के रूप में राष्ट्रीय अथवा अन्र्तराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस/सेमीनार का आयोजन।
6. कॉलेज में लीगल सेक्सन एवं स्थापना प्रभारी के कार्य का अनुभव।
7. चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र में पुरस्कृत किया गया हो।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर

स्थान:- ............................................

दिनांक:- ..........................................

**//घोषणा - पत्र//**

मैं प्रमाणित करता/करती हूं के मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/ नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।

मेरे विरूद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज नही है, और मेरे विरूद्ध कोई विभागीय जांच, लोकायुक्त जांच अथवा ई.ओ.डब्ल्यू जांच प्रचलन में नही है।

मैं प्रमाणित करता/करती हूं के मुझो नैतिक पतन के किसी अपराध में किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है।

म.प्र. स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय शैक्षणिक आदर्श सेवा नियम 2018 मुझे पर पूर्णरूपेण बंधनकारी होगें।

आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर